MAHD-08

December - Examination 2015

M.A. Final Hindi Examination

आधुनिक हिन्दी कविता और गीत–परम्परा

Paper - MAHD-08

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र तीन खण्डों अ, ब और स खण्ड में विभाजित है खण्ड 'अ' अति लघुत्तरात्मक, खण्ड 'ब' लघुत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित है।

(खण्ड – अ) 8 x 2 = 16

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) नई कविता आंदोलन का प्रारम्भ कब से माना जाता है ?

(ii) नव गीत से क्या ताप्तर्य है ?

(iii) मुक्तिबोध कृत 'चाँद का मुँह टेढा हैं' में 'चाँद' और 'टेढा' से क्या तात्पर्य है ?

(iv) गिरिजाकुमार माथुर की कविताओं की मूल संवेदना क्या है ?

(v) धर्मवीर भारती की कविताओं का मूल स्वर क्या है ?

(vi) भवानी प्रसाद मिश्र के काव्य में कौन सी विचारधारा का प्रभाव अधिक परिलक्षित होता है ?

(vii) सोहनलाल द्विवेदी के गीतों का मूल स्वर क्या है ?

(viii) गोपाल दास नीरज के गीतों की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

(खण्ड – ब) 4 x 8 = 32

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

जी, और गीत भी हैं, दिखलाता हूँ;
जी, सुनना चाहें आप तो गाता हूँ;
जी, छन्द और बे–छन्द पसन्द करें
जी, अमरगीत और वे जो तुरत मरे।
ना, बुरा मानने की इसमें क्या बात,
मैं पास रखे हूँ कलम और दवात...
इनमें से भाये नहीं नये लिख दूँ...?
जो नये चाहिये नहीं, गये लिख दूँ।
इन दिनोंकि दुहरा है कवि–धन्धा,
हैं दोनों चीजें व्यस्त, कलम, कन्धा।

3) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

इस रामराज के सुधर रेशमी दामन में,
देखो सीता की लाज उतारी जाती है।
उस ओर श्याम की राधा वह वृंदावन में,
आलिंगन चुंबन बेच पेट भर पाती है।
हो सावधान संभलो ओ ताज तख्त वालो,
भूखी धरती अब भूख मिटाने आती है।

4) समकालीन कविताओं की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

5) नरेश महेता कृत 'महाप्रस्थान' की विषयवस्तु स्पष्ट कीजिए।

6) 'ब्रह्मराक्षस' कविता में मुक्तिबोध का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

7) 'कुआनो नदी' का प्रतिपाद्य उद्घाटित कीजिए।

8) शमशेर बहादुरसिंह की काव्यगत प्रवृत्तियाँ उद्घाटित कीजिए।

9) धर्मवीर भारती कृत 'कनुप्रिया' की संवेदना प्रकट कीजिए।

(खण्ड – स) 2 x 16 = 32

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो का उत्तर दीजिये। शब्दसीमा 500 शब्द।

10) सोहनलाल द्विवेदी के गीतों की संवेदना और शिल्प वैशिष्ट्य बतलाइये।

11) नंदकिशोर आचार्य के काव्य की संवेदना प्रतिपादित कीजिए।

12) 'गीत' से क्या तात्पर्य है ? हिन्दी गीत परम्परा में रमानाथ अवस्थी का वैशिष्ट्य अंकित कीजिए।

13) संर्वेश्वर दयाल सक्सेना के काव्य में संवेदना और शिल्प का विवेचन कीजिए।